दिनांक–24.08.2024 समय–7.10एएम

# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में करेंगे अपने विचार साझा।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को दीक्षांत समारोह के लिए नया ड्रेस कोड तैयार करने को कहा।
- सरकार ने सभी राज्यों को स्कूल सुरक्षा और सुरक्षा दिशा-निर्देश-2021 लागू करने का निर्देश दिया।
- प्रदेश में बारिश से कई शहरों का बुरा हाल, इंदौर में आज छुट्टी घोषित, उज्जैन में क्षिप्रा में पानी बढ़ा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 25 अगस्त को सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 113वॉ एपिसोड होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

## स्वास्थ्य मंत्रालय-ड्रेस कोड

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने केंद्र सरकार के सभी सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को दीक्षांत समारोह के लिए नया ड्रेस कोड तैयार करने को कहा है। मंत्रालय ने इस संबंध में केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों और चिकित्सा शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि विभिन्न संस्थान दीक्षांत समारोह के दौरान काले वस्त्र और टोपी का उपयोग करते हैं और यह परम्परा यूरोप में मध्य युग में शुरू हुई थी। मंत्रालय ने संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे राज्य की स्थानीय परम्पराओं के आधार पर संबंधित संस्थान के लिए उचित भारतीय ड्रेस कोड तैयार करे। उधर, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एम.बी.बी.एस. डॉक्टरों के पंजीकरण के लिए कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर पोर्टल का लोकार्पण किया। श्री नड्डा ने कहा कि यह पोर्टल देश के सभी एलोपैथिक पंजीकृत डॉक्टरों के लिए एक व्यापक डेटाबेस होगा।

## एफएसएसएआई-एफबीओ

भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण ने दूध और दूध से बने उत्पादों की सभी पैकेजिंग से ए-वन और ए-टू के बारे में सभी दावे तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। यह आदेश ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर भी लागू होगा।

प्राधिकरण को जानकारी मिली है कि दूध और घी, मक्खन और दही जैसे दूध से बनने वाले उत्पादों की बिक्री ए-वन और ए-टू के वर्गीकरण के अंतर्गत की जा रही है। प्राधिकरण ने कहा है कि दूध में ए-वन और ए-टू का वर्गीकरण केवल प्रोटीन के संबंध में होना चाहिए। इसलिए दूध में वसा  के संबंध में ए-टू का दावा भ्रामक है ।

## बोरवेल दुर्घटना

प्रदेश में खुले बोरवेल में गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए रोकथाम एवं सुरक्षा अधिनियम-2024 बनाया गया है, जो राज्यपाल की अनुमति के बाद क्रियाशील हो चुका है। इस अधिनियम में यदि बोरवेल के ड्रिलिंग के समय ड्रिलिंग एजेंसी द्वारा समुचित सुरक्षा उपाय नहीं किए जाने और दुर्घटना की स्थिति में ड्रिलिंग एजेंसी के साथ ही भूमि स्वामी के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने के प्रावधान हैं।

इसमें प्रथम अपराध के लिए रूपए 10 हजार तक एवं बाद के प्रत्येक अपराध के लिए 25 हजार रुपये तक का जुर्माना देना होगा। इसमें प्रावधान किया गया है कि खुले बोरवेल में दुर्घटना होने पर भूमि स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी।

## शिक्षा सुरक्षा दिशा निर्देश

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा और सुरक्षा दिशा-निर्देश-2021 लागू करने का निर्देश दिया है। दिशा-निर्देश मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (POCSO) दिशा-निर्देशों के अनुरूप विकसित किए गए थे। इनमें सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय करने के प्रावधान हैं।

एफएसएसएआई - किसान

भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण ने राज्यों से कीटनाशकों के उपयोग को कम करने और किसान स्तर पर कीटनाशकों की निगरानी और विनियमन के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति स्थापित करने का आग्रह किया है। केंद्रीय सलाहकार समिति की 44वीं बैठक को संबोधित करते हुए प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने कहा कि यह उपभोक्ताओं को भोजन में कीटनाशक अवशेषों से जुड़े संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से भी बचाएगा। श्री राव ने कहा कि राज्यों में ऐसे प्रमुख स्थानों की पहचान करनी चाहिए जहां मोबाइल लैब- फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स तैनात किए जा सके। उन्होंने कहा कि ये मोबाइल प्रयोगशालाएं उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा प्रथाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी के प्रसार में सहायक होंगी।

इंदौर कृष्ण स्थल

इंदौर जिले में धार्मिक महत्व के जानापाव, उज्जैनी और गुलावट पर्यटन केन्द्र में नागरिकों के लिए अनेक सुविधाएं विकसित की जायेगी। इसके लिए जल्द ही कार्ययोजना बनेगी। कार्ययोजना को विचार विमर्श के पश्चात अंतिम रूप दिया जायेगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने इन स्थलों को प्रमुख पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन स्थलों पर पर्यटकों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया हो। सुविधाओं के विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत की जाये। कार्ययोजना को विचार विमर्श के पश्चात अंतिम रूप दिया जायेगा।

मौसम

प्रदेश में स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिया होने के कारण एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। कल राजधानी भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में झमाझम बारिश हुई। इंदौर में 9 घंटे में सबसे ज्यादा तीन इंच बारिश रिकॉर्ड की गई और कई इलाकों में पानी भर गया। उज्जैन में शिप्रा नदी में उफान आया। रामघाट के सारे मंदिर और छोटा पुल पानी में डूब गया।

इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने आज जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों समेत आंगनबाड़ी में छुट्टी घोषित कर दी है। वहीं, भोपाल में दो इंच पानी गिरा। केरवा डैम के चार गेट खोलने पड़े। रात में बड़ा तालाब के वाटर लेवल बढ़ने के बाद भदभदा डैम का भी एक गेट खोला गया।

मौसम विभाग की मानें तो अलग-अलग स्थानों पर कम दबाव के दो प्रभावशाली क्षेत्र बने रहने के कारण प्रदेश में अच्छी वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया है। अगले 24 घंटे के दौरान पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। विशेषकर इंदौर, उज्जैन, संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है।

## खेल दिवस

खेल दिवस के अवसर पर 26 से 31 अगस्त तक प्रदेश भर में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर देश भर में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय स्तर पर भी खेल कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जिसमें बेडमिंटन, फन गेम्स, बास्केटबॉल एवं हॉकी मैच होंगे।

## अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप

जॉर्डन के अम्मान में चल रही अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिलाओं ने दबदबा कायम रखते हुए अपना पहला खिताब जीता। जापान दूसरे और कजाखस्तान तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में भारतीय महिलाओं ने पांच स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित कुल आठ पदक जीते। वहीं दूसरी ओर, भारतीय पुरुष पहलवान फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कोई भी पदक जीतने में असफल रहे।

## सैफ अंडर-20 फुटबॉल चैम्पियनशिप

भारत सैफ अंडर-20 फुटबॉल चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गया है। नेपाल के काठमांडू में खेले गए रोमांचक मुकाबले में भारत ने कल मालदीव को एक शून्य से हराया। इस जीत के साथ ही ग्रुप-बी में भारत शीर्ष पर पहुंच गया है। सेमीफाइनल में सोमवार को भारत का मुकाबला ग्रुप-ए के उपविजेता बांग्लादेश से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों में राशन सामग्री का वितरण आज कल और 26 अगस्त को अवकाश के बाद भी किया जायेगा।
- धार में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य ने कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि वनाधिकार पट्टों का भौतिक सत्यापन किया जाए।
- पन्ना में 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत लगाई जाएगी।
- मंदसौर में स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 28 अगस्त को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नयाखेड़ा में किया जाएगा।
- मंदसौर जिले में जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसके लिये जिले में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है।

- डिंडोरी में प्रधानमंत्री जनमन महाअभियान के प्रथम चरण के बाद कल से दूसरे चरण की शुरुआत हुई है। योजना का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को निचले स्तर तक पहुंचाना है
- छिन्दवाड़ा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में करेंगे अपने विचार साझा।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को दीक्षांत समारोह के लिए नया ड्रेस कोड तैयार करने को कहा।
- सरकार ने सभी राज्यों को स्कूल सुरक्षा और सुरक्षा दिशा-निर्देश-2021 लागू करने का निर्देश दिया।
- प्रदेश में बारिश से कई शहरों का बुरा हाल, इंदौर में आज छुट्टी घोषित, उज्जैन में क्षिप्रा में पानी बढ़ा।

-----------------------------------